## खबर संक्षेप



### पर्यावरण सेवा समिति ने 51 पौधे किए रोपित

**थानेसर।** गांव दुनिया माजरा में पर्यावरण सेवा समिति द्वारा गुरुद्वारा नानकसर साहिब के प्रांगण में सहजन, गुलमोहर व अमलतास के 51 पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण सेवा समिति अध्यक्ष जगजीत सिंह ने कहा कि यदि पेड़-पौधे न हों तो जीवन में सांसों का संकट खड़ा हो जाएगा। वृक्षों से ही हमें ऑक्सीजन मिलती है। आज जिस तेजी के साथ पेड़ों का कटान किया जा रहा है, उससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें पेड़ों का कटान न कर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। हरियाली तभी बढ़ेगी, जब नागरिक आगे आएंगे।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**पिहोवा।** उपमंडल के गांव बाखली में पुरानी रंजिश के चलते 3 लोगो को बुरी तरह से मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में सदर पुलिस ने गांव के ही व्यक्ति व उसके 2 पुत्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस में दर्ज शिकायत में घायल गुरमीत ने बताया कि उसका पड़ोसी ओम प्रकाश के साथ पंचायती चुनावों में कहासुनी हुई थी। गत दिवस वह व उसकी पत्नी घर की छत पर बैठे हुए थे। तभी ओम प्रकाश अपने मोबाइल से हमारी वीडियो बनाने लगा। जब उसने रोकना चाहा तो वे उनसे गाली गलौच करने लगे। जैसे ही वह घर के बाहर आया तो ओम प्रकाश ने उस पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया।

### विकास कार्यों में पिछड़ा हल्का पिहोवा: वीरभान

**पिहोवा।** प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण हल्का पिहोवा विकास कार्यों में पिछड़ चुका है और आमजन का भाजपा सरकार से मोह खत्म हो चुका है,जिसका खामियाजा इसे विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा। ये शब्द कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट वीरभान बाखली ने अपने निजी कार्यालय में बातचीत के दौरान कहे।

### जनसंख्या दिवस कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह व उप सिविल सर्जन डा.अंजली वैध परिवार कल्याण द्वारा प्रचार वाहन को झंडी देकर रवाना किया। इस विश्व जनसंख्या दिवस पर सिविल सर्जन कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

### मारकंडेश्वर मंदिर में निःशुल्क हेल्थ कैंप 14 को

**शाहबाद।** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल की ओर से शाहबाद के ऋषि मारकण्डेश्वर मंदिर में दूसरे निःशुल्क विशाल मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन 14 जुलाई रविवार को किया जाएगा। कैंप में सुबह 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रोगियों की जांच की जाएगी। यह जानकारी देते हुए आदेश के एमडी डा. गुणतास गिल ने बताया कि आदेश की ओर से हर महीने के दूसरे रविवार को ऋषि मारकण्डेश्वर मंदिर निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाता रहेगा।

### कर्मचारियों की मांगों को लागू करें सरकार : अमरीक

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 मुख्यालय करनाल सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान व प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह ने बैठक में प्रदेश के कर्मचारी वर्ग की लंबित पड़ी मांगों को धरातल पर लागू करने की मांग की है। लाखों बेरोजगारों को पक्का रोजगार उपलब्ध करवाने जैसे निर्णय कैबिनेट में पारित करके शीघ्र अति शीघ्र अधिसूचना जारी करने की मांग की है।

## जजपा की पोल लोकसभा चुनाव में जनता ने खोल दी: बड़ौली

# हरियाणा में फिर खिलेगा कमल, बनेगी सरकार

**भाजपा के कार्यकर्ता सेवक की तरह समाज सेवा का भाव लेकर घर-घर जाएंगे और सरकार की नीतियों को बताएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




भाजपा हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने करनाल में कहा कि हरियाणा में फिर से कमल खिलेगा और स्पष्ट बहुमत के साथ नायब सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े 9 साल में भाजपा सरकार ने साफ-सुथरा शासन और प्रशासन दिया है और प्रदेश की जनता नायब सरकार से खुश है। बड़ौली ने दुष्यंत चौटाला पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता ने जजपा नेता दुष्यंत चौटाला की पोल लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से खोल दी।

गुरुवार को चंडीगढ़ से अंबाला, कुरूक्षेत्र, नीलोखेड़ी होते हुए करनाल पहुंचे नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेवा ही संगठन के मूलमंत्र को लेकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने काम करेंगे। ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सेवक की तरह समाज सेवा का भाव लेकर घर-घर जाएंगे और भाजपा की नीतियों और विचारों से लोगों को अवगत कराएंगे। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भाजपा की पोल खोलेंगे के सवाल पर बड़ौली ने कहा कि राजनीति में किसी भी पोल को छिपाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता ने लोकसभा के चुनाव में दुष्यंत चौटाला की पोल खोल दी है। जजपा नेता की हत्या एवं क्राइम पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्राइम के प्रति ठोस कदम उठा रही है, जो भी अपराधी है उसकी जांच करके जेल भेजा जाएगा। बड़ौली ने कहा कि जल्द ही सोनीपत में भी बड़ी ज्वानिंग होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी जातिवाद, परिवारवाद, क्षेत्रवाद की बात नहीं करती। भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। राज्यसभा की सीट पर हो रहे चुनाव के बारे में बड़ौली ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा के पास संख्याबल नहीं है, जबकि हमारे पास पूरा संख्या बल है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार ने बताया कि इस मौके पर संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, विधायक रामकुमार कश्यप, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा,ओएसडी संजय बठला, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जयभगवान सीकरी सहित अन्य कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल के गिरते स्तर को बचाने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री




इंद्री के गांव कलरी खालसा में लोगों को जागरूक करते कृषि विभाग के अधिकारी।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा इंद्री के गांव कलरी खालसा में जल शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जल के गिरते स्तर को बचाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में बोलते हुए कृषि विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि भूजल स्तर नीचे गिरने से बचाने के लिए हमें अभी से जागरूक होने की आवश्यकता है। इसलिए हमें पानी की बर्बादी को रोकना होगा। उन्होने कहा कि पानी हमारे जीवन में बहुत अहम है। यह धरती पर रहने वाले सारे प्राणियों के जीवन का आधार है। यह जानते हुए भी कि जल ही जीवन है, हम पानी की अहमियत से अनजान बने हुए है और लगातार इसकी बर्बादी कर रहे हैं। हम इसकी इतनी बर्बादी कर रहे हैं कि हमें यह साधारण सी चीज लगती है लेकिन यह साधारण सी चीज असल में बहुत अनमोल है। उन्होंने कहा कि अगर पब्लिक क्षेत्र में कहीं नल खुला है तो उसे बंद करना हम अपनी जिम्मेवारी नहीं समझते। नहाते, कपड़े धोने, सफाई के लिए जरूरत से ज्यादा पानी इस्तेमाल करके हम पानी की बर्बादी करते हैं। हमारे देश में ऐसे बहुत सारे स्थान है, जहां लोग पानी की किल्लत से बुरी तरह परेशान है।

### बच्चों को आग से बचाव के बताए तरीके

**शाहबाद।** सतलुज स्कूल में अग्निशामक विभाग के अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रयोग मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशामक विभाग के सदस्यों द्वारा सबसे पहले बच्चों को आग से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के तरीके भी बताए। इसके लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर चढ़ा कर आग बुझाकर दिखाया गया।




## इनेलो और बसपा गठबंधन का हरियाणा में कोई भविष्य नहीं: अनुराग ढांडा

- हरियाणा में प्रतिदिन हो रही हत्याओं और फिरौती की घटनाओं को लेकर बीजेपी सरकार पर कड़ा प्रहार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध/करनाल

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा में प्रतिदिन हो रही हत्याओं और फिरौती की घटनाओं को लेकर बीजेपी सरकार पर कड़ा कटाक्ष किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बीके कौशिक, लोकसभा उपाध्यक्ष दलविंदर चीमा, अमनदीप जुंडला और सुनील बिंदल मुख्य तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में इस वक्त गुंडाराज चल रहा है। रोजाना व्यापारियों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं, फिरौती मांगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। पिछले 24 घंटे के अंदर हरियाणा में सरेआम गोली मार कर दो हत्याएं हुईं है। उन्होंने कहा कि कल हांसी में एक व्यापारी की हत्या कर दी गई। आज सुबह गोहाना में पानीपत रोड पर एक दूध व्यापारी की हत्या कर दी गई। सोमवार की रात बीजेपी नेता के घर पर गोलीबारी की गई। पूरे प्रदेश में अलग अलग जगह अपराधी बेखौफ हत्याएं कर रहे हैं और फिरौती मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट समझ आता है कि जिस प्रदेश में पुलिस और सत्ता में बैठी पार्टी के नेता सुरक्षित नहीं, उस प्रदेश में आम आदमी कैसे सुरक्षित हो पाएगा। अब तक सात जिलों में फिरौती गैंग फैल चुका है। व्यापारियों और बड़े बड़े नेताओं और अफसरों से फिरौती मांगी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में आम आदमी पार्टी के तीसरे मजबूत विकल्प के तौर पर उभरी है। कुरुक्षेत्र लोकसभा चुनावों में मिली वोटों से ये साफ है कि हरियाणा में कांग्रेस और बीजेपी के बाद आम आदमी पार्टी तीसरा मजबूत विकल्प है।

## स्वामी युगल किशोर गिरी बने सनातन सेवा न्यास के धर्माचार्य प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



- देश भर में निकाली जाएगी भारत जागो, विश्व जगाओ यात्रा

पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर, महान संत रामानंदाचार्य श्री रामभद्राचार्य जी के संरक्षण में संचालित धार्मिक एवं संगठन सनातन सेवा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक शिव ओम मिश्रा ने स्वामी युगल किशोर गिरी महाराज को 'सनातन सेवा न्यास' के हरियाणा प्रदेश का धर्माचार्य प्रमुख नियुक्त किया है। स्वामी युगल किशोर गिरी को दायित्व मिलने पर देश भर से शुभकामनाएं मिली। संगठन के संस्थापक शिव ओम मिश्रा ने बताया कि सनातन सेवा न्यास के माध्यम से देश भर में भारत जागो, विश्व जगाओ यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के दौरान देश के हर जिले में युवाओं से संवाद स्थापित किया जाएगा। हर स्थानीय समस्या के समाधान पर विचार किया जाएगा। शिक्षा, सभ्यता और संस्कृति को प्राथमिकता देते हुए नशामुक्ति का कार्य भी किया जाएगा। तीर्थ क्षेत्रों को पिकनिक स्पॉट न बनने देने की लड़ाई भी संगठन की ओर चलाई जा रही है।

# जीवन में पेड़-पौधों का बड़ा महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भारत विकास परिषद तरावड़ी की ओर से पेड़ लगाओ हरियाली बढ़ाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें परिषद के सदस्यों द्वारा स्वयं भी पेड़ लगाए जा रहे हैं वहीं लोगों को भी पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रति जागरूक किया जा रहा है। शाखा के अध्यक्ष योगेश मिडडा ने बताया कि भाविपा की आरे से भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तहत पर्यावाण संरक्षण को लेकर पौधारोपण अभियान चलाया गया है। उन्होने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। यह हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है क्योकि आज पेड़ों की कम संख्या के चलते पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। हम अपनी जरूरतों के लिए पेड़ों को काट तो रहें है लेकिन और पेड़ पौधें लगाने का कार्य नही कर रहे। अगर यही हालात रहे तो आने वाले समय मे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेगें।




तरावड़ी। पौधारोपण करते समाजसेवी पंकज गोयल व परिषद के सदस्य।

### विद्यार्थी सोशल वर्क में बनाएं करियर

**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डा धर्म पाल ने



जानकारी देते हुए बताया कि मास्टर इन सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) कार्यक्रम व्यावसायिक सामाजिक कार्य में उच्च अध्ययन के लिए शिक्षार्थियों को अवसर प्रदान करता है। दुनिया भर में और भारत में समाज कार्य पाठ्यक्रम से संबंधित मुख्य पाठ्यक्रम की पेशकश के अलावा, इसमें समाज कार्य के कुछ प्रासंगिक क्षेत्रों जैसे वैश्वीकरण, प्रवासन, भारत में सामाजिक कार्य का इतिहास, सामाजिक कार्य अभ्यास पर सिद्धांत पत्र और पाठ्यक्रम शामिल हैं।



### भाजपा सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं

**करनाल।** सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले साढे नो सालों में जनता की समस्याओं को बढ़ाने का काम किया है यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है उन्होंने बताया कि जनता की आवाज उठाने के लिए जन मिलन कार्यक्रम शुरू किए गए है पार्श्वनाथ सिटी सेक्टर35 में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने स्वागत किया इस मौके पर पार्श्व नाथसिटी निवासियों की समस्याएं सुनी सेक्टर 35 के निवासियों ने सीवर , बिजली व सड़कों की बुरी हालत के बारे में बताया जर्जर सड़कों की वजह से महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है वहां के निवासियों ने बताया कि हमने ऊपर से लेकर नीचे तक सभी प्रशासन अधिकारियों को लिखित में शिकायत करी है मगर कोई समाधान नहीं निकला इस मौके पर सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने में असफल साबित हुई है।

# खंड करनाल के 168 राजकीय स्कूलों में 10000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य : बीईओ

- खंड शिक्षा अधिकारी करनाल राजकीय स्कूलों में पौधारोपण कर दे रही पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। पौधारोपण करते समाजसेवी पंकज गोयल व परिषद के सदस्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टपराना में विभाग द्वारा आयोजित विशेष पौधारोपण अभियान के तहत टपराना के राजकीय स्कूल में खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मदान द्वारा पौधारोपण किया गया। पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ की मुहिम के तहत खंड शिक्षा अधिकारी सीमा मैदान द्वारा अब तक खंड के 20 राजकीय स्कूलों में पौधारोपण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत खंड के प्रत्येक विद्यालय में जाकर पौधारोपण मुहिम को आगे बढने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लगातार 31 जुलाई तक चलेगा जिसमें खंड करनाल के कुल 168 राजकीय स्कूलों में 10000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। आंवला, शीशम, पीपल, नीम व बरगद के पौधे ज्यादा से ज्यादा रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अगली पीढ़ी के विकास हेतु नितांत आवश्यक है। हर वर्ष प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने में अपना धर्म अवश्य निभाना चाहिए। इस अवसर पर बीईओ करनाल सीमा मदान, असिस्टेंट मुकेश कुमार, प्रिंसिपल सुनीता देवी, प्रवीण व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



### मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपे ज्ञापन

**करनाल।** आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन, आशा वर्कर यूनियन, मिड डे मील वर्कर यूनियन और क्रैच वर्करों ने करनाल में अपनी मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। फव्वारा पार्क से नारेबाजी करते हुई वर्कर जिला सचिवालय पहुंची। यहां डीसी और तहसीलदार को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की अगुवाई जिला प्रधान रूपा राणा, जिला प्रधान शिमला, जिला प्रधान नीरू, बिजनेश राणा, संतोष व सुदेश ने की। इस मौके पर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि मिड डे मील वर्करों को 26 हजार रुपए वेतन दिया जाए और वेतन पूरे 12 महीने मिले। स्कूलों को मर्ज व बंद न किया जाए। आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों के लिए आगामी बजट में आईसीडीएस के लिए बजट आबंटन बढ़ाया जाए। योजना कर्मियों के लिए तुरंत वेतन आयोग का गठन किया जाए। आशा वर्करों को पक्का कर्मचारी बनाया जाए। रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष की जाए। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि जब हड़ताल की जाती है तो सरकार दबाव में आकर प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर वार्ता करती है। झूठे आश्वासन दे दिए जाते हैं। सरकार कर्मचारियों का लगातार शोषण कर रही है। अगर सरकार ने सुनवाई नहीं की और मांगों को लागू नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर ओपी माटा, जगपाल राणा, सुशील गुर्जर, सेवा राम, रेखा गुर्जर, बिजनेश राणा, रीना, रूपा राणा, सुदेश, सर्वेश राणा, रेखा, ममता, बबीता, कान्ता, सरोज, नीलम, नीरू, रोशनी, सन्तोष, कविता, अनीता, नीलम, रोशनी व निशा ने संबोधित किया।

**इस साल 78 लोगों के आप्रेशन और 17 हजार के चैकअप हो चुके हैं**

# पुण्यतिथि पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 14 को

- मानव सेवा दल आंखों के अस्पताल में किए जा चुके हैं सैकड़ों आप्रेशन: पंकज गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। स्व: सेठ कश्मीरी लाल व स्व: लाला सतपाल गोयल ।



तरावड़ी। मानव सेवा दल के अध्यक्ष पंकज गोयल जानकारी देते हुए।

ऐसे संसार में बहुत ही कम व्यक्ति जन्म लेते हैं जिन्हें भगवान पैसा एवं शोहरत देने के साथ-साथ समाज की सेवा करने का भी सौभाग्य प्राप्त होता है। उन भाग्यशाली परिवारों में 521 बासमती चावल के निर्माता स्वर्गीय लाल कश्मीरी लाल सतपाल गोयल का परिवार भी शामिल है। तरावड़ी में शहर के दानी लोगों के सहयोग से वर्ष 1978 में जब मानव सेवा दल की स्थापना हुई थी तो उसके कुछ ही वर्षों के बाद मानव सेवा दल का प्रधान पद स्वर्गीय लाला कश्मीरी लाल को सौंप दी गई थी। उन्होंने शहर में गरीब व असहाय लोगों के इलाज व आंखों के आप्रेशन करवाने की पहल की। उनके रहते शहर सैंकड़ों लोगों के आंखों के आप्रेशन हुए। प्रधान पद पर रहते उनका अचानक निधन हो गया। उनके स्वर्गवास के बाद शहर के लोगों ने इस परिवार की भावनाओं को एवं सेवा को देखते हुए उनके पुत्र सतपाल गोयल को इस मानव सेवा दल का अध्यक्ष बनाकर कमान सौंप दी। उन्होंने भी अपने पिता के पदचिन्हों पर चलकर इस समाज सेवा को जारी रखा। इस पद के दौरान उनका भी अचानक निधन हो गया। उनके निधन के बाद मानव सेवा दल की कमान सतपाल गोयल के सुपुत्र पंकज गोयल सौंप दी गई। स्वर्गीय कश्मीरी लाल सतपाल गोयल का परिवार पिछले लंबे समय से मानव सेवा दल के अध्यक्ष पद पर रहकर जनता की सेवा कर रहा हैं। इसी परिवार के द्वारा उस दौर मे गरीब लोगों के सैंकड़ो आंखों के फ्री ऑपरेशन करवाए। स्वः सतपाल गोयल ने लंबे समय तक मानव सेवा दल में रहकर गरीब परिवारों की सेवा की। अब इसकी कमान उनके सुपुत्र पंकज गोयल संभाली हुई है। उन्होंने कुछ माह पहले इसमे एक चैरीटेबल लेबोट्री की शुरूआत की है। जिसमे रियाती दरों पर टैस्ट किये जाते हैं और प्रत्येक शनिवार को शुगर टैस्ट फ्री किये जाते है। गौरतलब है कि लाला सतपाल गोयल ने अपने जीवन की शुरूआत चावल के छोटे से व्यवसाय से की थी। इसके बाद उन्होंने अपनी मेहनत के बलबूते पर व्यापार जगत ने जिले करनाल में एक अलग ही पहचान बनाकर सफलता प्राप्त की वह अपनी ने कमाई से कुछ हिस्सा हमेशा गरीब लोगों की सेवा के लिए निकालते रहते थे। वर्तमान मानव सेवा दल के प्रधान पंकज गोयल ने कहा सेठ कश्मीरी लाल सतपाल गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से शहर व आसपास कस्बों मे समाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग किया जाता है।

### हेल्थ कैंप में सभी चेकअप किए जाएंगे निःशुल्क

पंकज गोयल परिवार 521 बासमती चावल के निर्माता द्वारा स्वः सतपाल गोयल की पुण्यतिथि पर प्रत्येक 14 जुलाई पर समाजसेवा के कई कार्यक्रम किये जाते है। इसी श्रृंखला मे इस बार अमृतधारा माई अस्पताल व भारत विकास परिषद के सहयोग से मैगा हृदयरोग व जनरल हैल्थ चैकअप कैंप मानव सेवा दल आंखों के अस्पताल मे 14 जुलाई दिन रविवार को लगाया जा रहा है। इस कैंप मे सभी प्रकार का चैकअप व टैस्ट निशुल्क किये जायेगें।

## खबर संक्षेप

### ठगी के आरोप में महिला समेत तीन पकड़े

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर आनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों प्रियांशु, नितेश व महिला आरोपी संध्या निवासी बिलासपुर, छत्तीसगढ को बिलासपुर की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपियों ने मुखीजा कॉलोनी निवासी राजसिंह के खाते से 19 लाख 78 हजार 140 रुपये निकाले थे। वारदात बारे राज सिंह की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में अभियोग दर्ज है। जबकि आरोपियों के साथियों दिल्ली निवासी सौरव, कमल, रोनक, मंजीत उर्फ प्रिंस व युवती कोमल (बदला हुआ नाम) पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ननद व भाभी के साथ छेड़खानी

**पानीपत।** पानीपत में मित्तल मेगा मॉल में भूतहा घर (भूत बंगला) देखने आई ननद-भाभी के साथ दो युवकों ने अंधेरे का फायदा उठाकर छेड़खानी की। वहीं ननद व भाभी ने आरोपियों पर लात-घूंसे बरसाए। बाहर आकर उन्होंने अपने पति को घटना की जानकारी दी, लेकिन तब तक दोनों आरोपी भाग चुके थे। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने शराब तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने सेक्टर छह फाटक के पास बाइक सवार मोहित पुत्र रामकुमार निवासी सिद्धार्थ नगर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी सब इंस्पेक्टर हिमांशु ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर प्लसर बाइक सवार दो नशा तस्करों जनार्दन पुत्र ओमप्रकाश निवासी पिल्लू खेड़ा मंडी, जीन्द व प्रवीन पुत्र रणधीर निवासी गांव भावड़ जिला सोनीपत को आठ ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### इनसो ने लगाई हेल्प डेस्क

**पानीपत।** विद्यार्थियों को दाखिलों के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं होने देंगे। विद्यार्थियों की हर समस्या का समाधान इनसो हेल्प डेक्स के माध्यम से किया जाएगा। यह बात इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार ने एसडी कॉलेज के गेट पर लगाए हेल्प डेक्स के नए दाखिले के लिए आने वाले विद्यार्थियों की की मदद करते हुए कही। इस अवसर पर सलमान, विजय सैनी, दीपक शर्मा, नवीन कुमार, संदीप खर्ब आदि मौजूद थे।

### रेशमा कश्यप ने गोल्ड पदक जीता

**पानीपत।** रेशमा कश्यप ने मुंबई के महालक्ष्मी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 20वीं पुरुष और 14वीं महिला ऑल इंडिया इंटर रेलवे पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर न केवल पानीपत जिला बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करने का काम किया है। बता दें कि रेशमा ने 69 किलोग्राम शारीरिक वजन वर्ग में भाग लिया और कुल 542.5 किलोग्राम वजन उठाया और स्वर्ण पदक जीता।

### भाविप ने मनाया स्थापना दिवस

**पानीपत।** भारत विकास परिषद पानीपत शाखा द्वारा परिषद का 62वां स्थापना दिवस पर पांच अध्यापकों का सम्मान, दो अध्यापकों व चार चार होनहार विद्यार्थियों को को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय महिला सहसंयोजिका दीपिका सिंगला, प्रांत सेवा उपाध्यक्ष योगेश गोयल, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, प्राचार्य सुरेंद्र जागलान, शाखा अध्यक्ष दीपक गर्ग, सचिव प्रवीण गुप्ता, कोषाध्यक्ष पवन बंसल, महिला संयोजिका शिप्रा बठला, उपाध्यक्ष सेवा राजेश गोयल आदि मौजूद रहे।

---

भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे महान संस्कृति : कादियान

# गो माता और प्रकृति माता को भी देना चाहिए पूरा सम्मान

- कर्मयोगी गोशाला में विशाल यज्ञ का आयोजन हुआ
- यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है, आमदनी बढ़ाने को गोशाला में डेयरी उत्पादों से व्यवसाय शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** कर्मयोगी गोशाला में यज्ञ में आहुति डालते हुए आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान आदि आर्य समाजी व गोसेवक। फोटो :हरिभूमि

पानीपत की चौटाला रोड स्थित कर्मयोगी गोशाला, सिवाह में प्रातः काल में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में गोशाला के प्रधान रविंद्र कादियान ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई और आर्य बाल भारती विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादियान व गांव की सरपंच सुनीता कादियान ने पूर्ण आहुति दी। वहीं आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि भारत एक आध्यात्मिक राष्ट्र है और भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे महान संस्कृति है। यहां पर कर्मयोगी श्री कृष्ण ने गीता का संदेश दिया और धरती माता, प्रकृति माता और गो माता को सम्मान और संरक्षण देने का संदेश भी दिया। इसलिए हमें जहां प्रदूषण को खत्म करने के लिए समय-समय पर यज्ञ करना चाहिए, वहीं गो माता और प्रकृति माता को भी पूरा सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी गोशाला, गांव सिवाह की प्रबंधन समिति ने गोशाला की आमदनी बढ़ाने व लोगों को मार्केट से कम भाव पर गाय के देशी घी व दूध से घेवर बनाना शुरू किया गया है। इसके लिये समिति द्वारा गोशाला के मेन गेट के बाहर ही चौटाला रोड पर घेवर का स्टाल लगाया गया है। गोशाला द्वारा गोभक्त जोगिंद्र आर्य निवासी गोपालपुर सोनीपत के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के घेवर बनाना शुरू किया गया है। इस अवसर पर जोगिंद्र आर्य, गोवंश गोशाला सेवा संघ के प्रदेश संरक्षक कुलबीर खर्ब, शाहपुर गोशाला के प्रधान राजरूप पान्नू, प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति विजय जैन, समाजसेवी ओमप्रकाश केटी, कैशियर प्रवीन शर्मा, संदीप कादियान, राम सिंह सूबेदार, बिजेंद्र, दलबीर, जगदीश आर्य समेत बड़ी संख्या में गोभक्त उपसंथ्िता रहे।

# योग प्राणायाम मंडल ने पौधा रोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** योग प्राणायाम मंडल के स्वयं सेवी, जनकपुरी के पार्क में पौधे रोपते हुए।

योग प्राणायाम मंडल ने जनकपुरी के पार्क व प्रहलाद कॉलोनी में पौधे रोपे। वहीं दीपक जैन और मुनिंदर मुंजाल ने कहा कि बरसात के मौसम में पर्यावरण के संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने की दिशा में पौधे रोपना महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल पर्यावरण को संरक्षित करेगी बल्कि स्थानीय निवासियों को प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाएगी। वहीं, सुशीला गर्ग, मंजू मुंजाल, सिमरन, शशि जैन, मालिक, वीना ढींगरा, श्रेया बरेजा ने पौधे रोपे। जबकि कार्यक्रम के दौरान, दीपक जैन ने कहा कि पर्यावरण को घना करना हर इंसान का कर्तव्य है। वहीं बरसात के मौसम में नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। मुनिंदर मुंजाल ने कहा कि मानसून के दौरान पौधे रोपने का अभियान जारी रहेगा। दूसरी ओर, वीरवार को रोपे गए पौधों की देखभाल का जिम्मा जनकपुरी व प्रहलाद कालोनी निवासियों ने उठाने की बात कही है।

### जनसंख्या दिवस मनाया

**पानीपत।** द हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा डीईओ व स्काउट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश बूरा के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काबडी में अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम मे स्काउट प्रशिक्षक बलवान सिंह मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.रविंद्र डिकाडला ने की। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त गुलाब पांचाल, विनोद रावल, राजेश कुमार, स्काउट मास्टर सुरेश बांगड़, रघुवीर आर्य, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, संजीव शास्त्री, राजेंद्र कुमार, जयपाल शर्मा, सुरेंद्र कुमार व महेंद्र खैंची आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को बताए आग से बचाव के तरीके

**शाहबाद।** सतलुज स्कूल में अग्निशामक विभाग के अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। आग से बचाव के विभिन्न उपायों का प्रयोग मॉक ड्रिल के माध्यम से किया गया। अग्निशामक विभाग के सदस्यों द्वारा सबसे पहले बच्चों को आग से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने सिलेंडर से निकले गैस में लगी आग पर नियंत्रण पाने के तरीके भी बताए। इसके लिए पानी से भीगे हुए कपड़े को गैस सिलेंडर पर चढ़ा कर आग बुझाकर दिखाया गया। अधिकारी ने बताया कि आपदा से निपटने के लिए जागरूकता आवश्यक है।

### कनाडा भेजने का झांसा देकर 9 लाख ठगे

**समालखा। पानीपत।** पानीपत के गांव जौरासी खालसा निवासी नवनीत से उसके भाई सचिन को कनाडा भेजकर वहां नौकरी लगवाने का झांसा देकर नौ लाख रूपये की ठगी कर ली। वहीं थाना समालखा को दी शिकायत में नवनीत ने बताया कि उसका गांव आट्टा निवासी सुरेंद्र और कुलवंत के साथ उठना बैठना था। 15 अगस्त सन 2022 को दोनों ने उसे बताया कि उनका भतीजा बच्चों को विदेश भेजने का काम करता है। तुम्हारे भाई सचिन को हम कनाडा भेज सकते हैं। इसके लिए तुम्हें 24 लाख रुपए देने होंगे। आरोपियों ने सचिन को कनाडा भेजने का झांसा देकर नौ लाख रूपये की ठगी कर ली। इधर, थाना समालखा पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दक्ष जयंती समारोह २० को

**पानीपत।** हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर सिंह गंगवा ने गुरूवार को लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 20 जुलाई को हिसार में दक्ष जंयती के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस मौके पर माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन सतबीर वर्मा, ओमप्रकाश, बलवान सिंह, श्रीनिवास, गंगाराम, सुल्तान सिंह डाचार, सुल्तान सिंह मोई माजरी, सतपाल प्रजापत, सुभाष आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा में तीसरी बार भी भाजपा सरकार : मोहन

- भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया
- पार्टी के हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता को विधानसभा चुनाव जीत के लिए एकजुट होकर दिन रात मेहनत करनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल को लड्डू खिलाते हुए।

हरियाणा भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक मोहन लाल बड़ौली का पानीपत टोल प्लाजा पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गय। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज, हरपाल ढांडा, कृष्ण छोक्कर समेत बडी संख्या में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और प्रदेश अध्यक्ष बनने की खुशी में कार्यकर्ताओं को लड्डू खिला कर खुशी का इजहार किय। वहीं मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार के मिशन पर वे जुट चुके है। वहीं पार्टी के हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता को विधानसभा चुनाव जीत के लिए एकजुट होकर दिन रात मेहनत करनी होगी। जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि पानीपत जिला के सभी भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रदेश में तीसरी बार पार्टी की सरकार बनवाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है।

# मजदूर संगठनों ने जुलूस निकाल प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत सचिवालय पर प्रदर्शन करते हुए वापमंथी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन सीटू के नेतृत्व में शहर में सीटू से संबंधित आशा वर्कर, मिड डे मील वर्कर्स, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, आंगनवाड़ी वर्कर्स, क्रैच वर्कर्स, इंडस्ट्रियल वर्कर्स आदि यूनियनों से सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता हरियाणा सरकार के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय जिला उपायुक्त कार्यालय पानीपत विशाल रोष प्रदर्शन करते हुए अपना लिखित मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव व जिला प्रधान सुनील दत्त, जिला सचिव जय भगवान, उप प्रधान गुलाब सिंह, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव सुशीला, सह सचिव बंटी, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान निर्मला अहलावत, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान शमशेर सिंह, कंवर सिंह, क्रैच वर्कर्स यूनियन जिला प्रधान नूतन शर्मा, इंडस्ट्रियल वर्कर्स यूनियन के नेता रामकुमार यादव आदि ने किया। प्रदर्शन को अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बलवान सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान व जिला कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने संबोधित किया।

# जनता के कल्याण में जुटी है भाजपा सरकार : विज

- लाल डोरे व मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्रों को स्वामित्व पत्र सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत सिटी से विधायक प्रमोद विज, लाभार्थियों को स्वामित्व पत्र सौंपते हुए।

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि पानीपत शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों और मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत जिला में हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। इन योजनाओं को महत्वपूर्ण और दशकों पुरानी मांग पूरी होने वाली योजना बताते हुए इस समस्या के समाधान से अब नागरिकों को उनकी हक की संपत्ति का मालिकाना हक मिलेगा। विधायक प्रमोद विज वीरवार को आर्य कॉलेज के सभागार में शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को स्वामित्व पत्र एवं मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के लाभपात्रों को स्वामित्व पत्र के जिला स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के तहत जिला के लाभपात्रों को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र और लाल डोरा के प्रमाण पत्र सौंपे। भाजपा नेता हरपाल ढांडा ने कहा कि जनता के कल्याण में जुटी है।

### कैंप में 127 समस्याओं का किया निपटारा

**पानीपत।** समाधान शिविर में वीरवार को नामक अनूठी योजना को एक महीना पूरा हो चुका है। वहीं वीरवार को जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 127 समस्याओं का समाधान किया गया। डीसी डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बताया कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 5894 कुल समस्याएं आई, इनमें से 3827 समस्याओं का तत्परता से समाधान किया गया। इस मौके पर एडीसी डॉ. पंकज, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह ,एसडीएम मनदीप सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल आदि मौजूद रहे।

- शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 5894 कुल समस्याएं आई

# कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों का सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** जिला सचिवालय में उपायुक्त व पुलिस कप्तान को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेसी नेता संदीप भारद्वाज व सचिवालय के सामने जुटी आंदोलनकारियों की भीड़। फोटो :हरिभूमि

पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बीपीएल परिवारों के असली हकदार लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने से खफा हजारों महिलाओं और पुरुषों ने कांग्रेसी नेता संदीप भारद्वाज के नेतृत्व में पानीपत लघु सचिवालय के सामने एकत्रित होकर प्रदर्शन कर धरना दिया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। वहीं, प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संदीप भारद्वाज व करनाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्च पर फेल हो चुकी है। पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। निर्धन वर्ग को झूठे साजबाग दिखा कर उनका शोषण किया जा रहा है। भाजपा सरकार की कारगुजारी से कर्मचारी, व्यापारी, किसान, मजदूर हर वर्ग दुखी है। दावा किया कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी और जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करते हुए निर्धन वर्ग को उनका हक दिया जाएगा। आंदोलनकारी जबकि ज्ञापन देने के लिए लघु सचिवालय पहुंचे तो यहां तैनात पुलिस बल ने कांग्रेसी नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा और संदीप भारद्वाज अंदर नहीं जाने दिया। वहीं आंदोलन में उमडी भीड के कारण हालात बेकाबू ना हो जाए इसको ध्यान में रखते हुए डीसी व पुलिस अधीक्षक ने ज्ञापन लिया।

शार्ट टैंक इंडिया फेम एवं भारत पे कंपनी के संस्थापक अशनीर ने पाइट में किया विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन

# धनवान बनने के लिए नौकरी नहीं कारोबार करें : ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पाइट में भारत पे कंपनी के संस्थापक अशनीर ग्रोवर का स्वागत करते हुए हरिओम तायल व राकेश तायल।

शार्ट टैंक इंडिया फेम एवं भारत पे कंपनी के संस्थापक अशनीर ग्रोवर ने कहा कि नौकरी करके कोई रईस नहीं बनता। अमीर बनना है तो बिजनेस करना होगा। अशनीर यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में लीड वर्कशाप में छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर रहे थे। उन्होंने स्टूडेंट्स के सवालों के जवाब भी दिए। अशनीर ग्रोवर ने कहा कि भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है। इतने ही आइडिया हैं। केवल आइडिया से कुछ नहीं होता। आइडिया को आगे बढ़ाकर परिणाम भी लाना होता है। क्या स्टार्टअप के दौरान तनाव भी रहता है, इस सवाल पर अशनीर ने कहा कि बिजनेस शुरू करना है तो आपको उसमें डूबना होगा। आपको उसका आनंद लेना होगा। क्योंकि सुबह आपको लगेगा कि आप सफल हो गए, शाम होते-होते लगेगा कि ये बिजनेस बंद हो जाएगा। अलग-अलग भावनाएं आएंगी और जाएंगी। अशनीर ग्रोवर ने कहा कि उन्होंने नौ साल जॉब की। इसके बाद दोस्त की कंपनी में काम किया। बिजनेस करना है तो अनुभव लेना चाहिए। क्योंकि तब आपको समझ में आता है कि क्या करना है क्या नहीं। कैसे किया जाना चाहिए। अगर आपका फैमिली बिजनेस है तो उसे आगे बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसके पास पैसा है, उसी को सफल माना जाता है। इसलिए खूब मेहनत करें। आपके एकाउंट में पैसा होगा तो आपका सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि जब आपका बिजनेस बड़ा हो जाए, तब बात करनी चाहिए। तब तक आगे बढ़ते जाओ। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. जेएस सैनी मौजूद रहे।

### नींव मजबूत करनी होगी : तायल

पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि हमें विद्यार्थियों की नींव मजबूत करनी चाहिए। स्टार्टअप के लिए विद्यार्थियों को सही राह दिखानी होगी, ताकि उन्हें पता चल सके कि फंडिंग कहां से मिलेगी। कहां से पेटेंट करा सकेंगे। पाइट में स्टार्टसेल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कंपनी शुरू करने के बारे में सिखाया जाता है। यहां पर बीबीए और एमबीए के छात्र बिजनेस लैब में काम करते हैं। वर्चुअल कंपनी बनाते हैं।

